Chapter 02

जीव जगत का वर्गीकरण (Biological Classification)

Practice Section-01

Q.1 पाँच जगत वर्गीकरण किस पर आधारित था ?

(1) कोशिका संरचना पर (2) थैलस संगठन पर (3) पोषण की प्रक्रिया पर (4) उपरोक्त सभी

Q.2 वर्गीकरण के मुख्य वैज्ञानिक मानदंडो का उपयोग करने वाला सबसे पहले कौन था ?

(1) आर. एच. व्हीटेकर (2) लिनियस (3) अरस्तु (4) बेन्थम एवं हुकर

Q.3 दो जगत वर्गीकरण में यूग्लीना को कहाँ रखा गया है ?

(1) प्लांटी में (2) एनीमेलिया में (3) प्रोटिस्टा में (4) मोनेरा में

Q.4 लिनियस से व्हीटेकर तक के वर्गीकरण में दो जगत जो स्थिर पाये गये है, वे है ?

(1) प्लांटी तथा एनीमेलिया (2) मोनेरा तथा प्रोटिस्टा (3) प्रोटिस्टा तथा फंजाई (4) मोनेरा तथा फंजाई

Q.5 व्हीटेकर वर्गीकरण में निम्न में से कौनसा सम्मिलित नहीं है ?

(1) वायरस (2) विरोइड (3) लाइकेन (4) उपरोक्त सभी

Q.6 पाँच जगत वर्गीकरण में सम्मिलित है –

(1) मोनेरा, प्रोस्टिा, फंजाई, प्लांटी, एनीमेलिया (2) शैवाल, फंजाई, ब्रायोफायटा, टेरिडोफायटा, जिम्नोस्पर्म

(3) वायरस, प्रोकेरियोट, फंजाई, प्लांटी, एनीमेलिया (4) मोनेरा, प्रोटिस्टा, एनीमेलिया, प्लांटी, शैवाल

Q.7 पाँच जगत में किस सदस्य में कोशिका भित्ति का अभाव है ?

(1) प्लांटी (2) एनीमेलिया (3) प्रोटिस्टा (4) मोनेरा

Q.8 पाँच जगत वर्गीकरण प्रणाली में, प्रोटिस्टा जगत के अंतर्गत कोशिका भित्तियुक्त *क्लैमाइडोमोनास* एवं *क्लोरेला* (जिन्हें पहले पादपों के अंतर्गत शैवाल में रखा गया था) को किसके साथ रखा गया है?

(1) *पैरामीशियम* और *अमीबा* (2) हाइड्रा और *यीस्ट* (3) जीवाणु (4) *अमीबा* और *यीस्ट*

Practice Section-02

Q.1 नील हरित शैवाल में से कौनसा वर्णक उपस्थित होता है ?

(1) क्लोरोफिल – a (2) क्लोरोफिल – b (3) क्लोरोफिल – c (4) जेन्थोफिल

Q.2 जीवाणु के गुणसूत्र का न्यूक्लिक अम्ल होता है?

(1) रेखीय DNA अणु (2) वृत्ताकार DNA अणु

(3) DNA एवं RNA दोनों प्रकार के (4) रेखीय RNA अणु

Q.3 गमन के आधार पर प्रोटोजोआ का कौन–सा वर्ग अचल है?

(1) कशाभयुक्त (2) अमीबीय (3) पक्ष्माभी (4) स्पोरोजोआ

Q.4 ऑक्सीकरणीय प्रकाश संश्लेषण होता है ?

(1) *नॉस्टॉक* में (2) *एनाबीना* में (3) नील हरित शैवाल में (4) उपरोक्त सभी में

Q.5 मानव में प्रोटोजोआ का कौन–सा वर्ग मलेरिया रोग के लिए उत्तरदायी है ?

(1) कशाभयुक्त (2) अमीबीय (3) पक्ष्माभी (4) स्पोरोजोआ

Q.6 किस जीव के जीवन चक्र मे संक्रमित बीजाणुनुमा अवस्था होती है?

(1) अमीबीय प्रोटोजोआ (2) कशाभिकीय प्रोटोजोआ (3) पक्ष्माभ प्रोटोजोआ (4) स्पोरोजोआ

Q.7 लाल ज्वार (Red tide) किस के द्वारा होता है ?

(1) डायटम (2) अवपंक कवक (3) नील हरित शैवाल (4) डायनोफ्लेजिलेट्स

Q.8 *अमीबा, यूग्लीना, पैरामिशियम* और *ट्रेपेनोसोमा* के सामान्य लक्षण है ?

(1) यूकेरियोट्स होना (2) प्राणिसम पोषण (3) बहुविखण्डन (4) संकुचनशील रिक्तिका

Q.9 'डायट्मेशियस मृदा' का उपयोग किस कारण से पॉलिश करने, तेल और सिरप के निस्यंदन में होता है।

(1) चिपचिपी प्रकृति (2) कणमयी प्रकृति (3) धूलमयी प्रकृति (4) कठोर प्रकृति

Q.10 डायनोफ्लेजिलेट्स मुख्यतः होते हैं ?

(1) स्थलीय (2) समुद्रीय (3) तापलवणीय (4) स्वच्छ जल

Q.11 किस जगत में कोई सुपरिभाषित सीमा नहीं पाई जाती है?

(1) प्रोटिस्टा (2) मोनेरा (3) फंजाई (4) प्लांटी

Q.12 नील हरित शैवाल की बाह्य भित्ति बनी है

(1) सेल्युलोज की (2) लिपोपॉलीसेकेराइड्स की (3) पेलिकल की (4) पैलिड की

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

Practice Section-03

Q.1 द्विकेन्द्रीय (Dikaryon) बनता है जबः–
(1) अर्द्वसूत्री विभाजन रूकता है
(2) दो अगुणित केन्द्रक तुरन्त संयुग्मित नहीं होते
(3) कोशिकाद्रव्य संयुग्मित नहीं होता
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q.2 ट्रफल किस वर्ग का सदस्य है?
(1) बेसिडियोजाइसिटीज (2) एस्कोमाइसिटीज (3) ड्यूटिरोमाइसिटीज (4) फाइकोमाइसिटीज

Q.3 कवक के लैगिंक चक्र के संदर्भ में सही क्रम का चयन करें ?
(1) केंद्रक संलयन, जीवद्रव्य संलयन और अर्द्वसूत्री विभाजन
(2) अर्द्वसूत्री विभाजन, जीवद्रव्य संलयन और केंद्रक संलयन
(3) जीवद्रव्य संलयन, केंद्रक संलयन और अर्द्धसूत्री विभाजन
(4) अर्द्वसूत्री विभाजन, केंद्रक संलयन और जीवद्रव्य संलयन

Q.4 कवक परजीवी के रूप में पाया जाता है–
1. जन्तुओं पर 2. मनुष्य पर 3. पादपों पर
निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें –
(1) केवल 1 (2) 2 एवं 3 (3) 1 एवं 2 (4) उपरोक्त सभी

Q.5 द्विकेन्द्रीय अवस्था (Dikaryophase) नहीं पायी जाती है–
(1) एस्कोमाइसिटीज में (2) फाइकोमाइसिटीज में (3) बेसिडियोमाइसिटीज में (4) दोनों 1 एवं 2

Q.6 कवक की धागेनुमा एवं सिलेण्डरनुमा संरचना होती है–
(1) कवक जाल (2) राइजोइड्स (3) राइजोम (4) हाइफी

Q.7 CJD किसके कारण होता है-
(1) वाइरॉइड के (2) प्रोसंक के (3)विषाणु के (4) कवक के

Q.8 मशरूम, ब्रेकिट कवक एवं पफबॉल पाये जाते है–
(1) एस्कोमाइसिटीज में (2) बेसिडियोमाइसिटीज में (3) ड्यूटेरोमाइसिटिज में (4) फाइकोमाइसिटीज में

Q. 9 आवरणयुक्त विषाणु पोषी कोशिका में प्रवेश करता है
(1) प्रत्यक्ष रूप से
(2) न्यूक्लिक अम्ल भेदन से
(3) कोशिका अन्तर्ग्रहण द्वारा
(4) रसायन उद्दीपन द्वारा कोशिका अन्तर्ग्रहण द्वारा

Q.10 पेटिकांश किस रूप में व्यवस्थित होते है?
(1) कुण्डलित (2) बहुफलकीय (3) या तो (1) या (2) (4) कोई रूप नही

Q.11 निम्नलिखित में से अकोशिकीय जीव कहलाते है?
(1) वायरस एवं विरोइड (2) विरोइड एवं लाइकेन (3) लाइकेन एवं विषाणु (4) वायरस, विरोइड एवं लाइकेन

Q.12 विरोइडस द्वारा कौनसा रोग उत्पन्न होता है?
(1) पत्तीयो का मुडना
(2) पोटेटो स्पिन्डल ट्यूबर रोग
(3) बौनापन रोग
(4) उपरोक्त सभी

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

ANSWER KEY

PRACTICE SECTION-01

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8
Ans:	4	3	2	1	4	1	**2**	**1**

PRACTICE SECTION-02

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
Ans:	1	2	4	4	4	4	**4**	**1**	**2**	**2**	**1**	**2**

PRACTICE SECTION-03

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
Ans:	2	2	3	4	2	4	**2**	**2**	**2**	**3**	**4**	**2**

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR